**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–18.02.2025 (संध्या–1900 बजे)**

## मुख्य समाचार

1. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने छह वेब पोर्टल और इनोवेशन हब का किया शुभारंभ, झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा चयनित 289 अभ्यर्थियों को सौंपा नियुक्ति पत्र।**
2. **झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक में एमएसएमई विशेष छूट विधेयक समेत 12 प्रस्तावों को मिली मंजूरी, राज्य कर्मियों और पेंशनधारियों के महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी को दी गई स्वीकृति।**
3. **परीक्षा पे चर्चा के 8वें एपिसोड में यूपीएससी, आईआईटी और बोर्ड परीक्षा के मेधावी छात्रों ने साझा की सफलता की कहानियां, परीक्षा की तैयारी और आत्मविश्वास बढ़ाने के दिए टिप्स।**
4. **चतरा में कल से तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का शुभारंभ, मंत्री सुदिव्य कुमार करेंगे उद्घाटन, नागपुरी और छउ नृत्य की होगी प्रस्तुति। और,**
5. **एफआईएच प्रो लीग हॉकी में भारतीय पुरुष टीम आज शाम भुवनेश्वर में जर्मनी से मुकाबला करेगी, भारतीय महिला टीम का मुकाबला स्पेन से।**
6.

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज रांची में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के छह छात्रोपयोगी वेब पोर्टल का अनावरण किया। साथ ही रांची विज्ञान केंद्र में इनोवेशन हब का शुभारंभ किया। इन पोर्टलों में वेतन निर्धारण, लर्निंग मैनेजमेंट, निजी विश्वविद्यालय प्रबंधन, अप्रेंटिस प्रबंधन, वित्त रहित कॉलेज अनुदान और मुख्यमंत्री फेलोशिप योजना पोर्टल शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने रांची विज्ञान केंद्र को 270 करोड़ की लागत से साइंस सिटी में अपग्रेड करने की भी घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा चयनित 289 अभ्यर्थियों को आज नियुक्ति पत्र सौंपा। इस मौके पर नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि शहरीकरण बढ़ने के बावजूद राज्य सरकार झारखंड के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार देने के लिए प्रतिबद्ध है।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक में झारखंड सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम इकाई एमएसएमई विशेष छूट विधेयक को स्वीकृति दी गई। इसके अलावा आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका नियमावली 2022 में संशोधन और राज्य कर्मियों व पेंशनधारियों को महंगाई भत्ता बढ़ाने की स्वीकृति दी गई।

********************

24 फरवरी से शुरु होने वाले झारखंड विधानसभा के बजट सत्र को लेकर विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने आज संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में सत्र को लेकर मुख्य सचिव के साथ सभी पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। उन्होंने सभी पदाधिकारियों की सत्रावधि के दौरान उपस्थिति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। श्री महतो ने भारतीय झंडा संहिता नियम के तहत झारखण्ड विधान सभा परिसर में स्थायी रूप से राष्ट्रीय ध्वज लगवाने को लेकर भी पदाधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया।

********************

राजधानी रांची में बच्चों और किशोरों को जलवायु परिवर्तन पर सशक्त बनाने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय परामर्श का आयोजन किया गया। सिनी, चाइल्ड इन नीड इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में युवाओं को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए सामुदायिक पहलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीक ने जलवायु परिवर्तन के जोखिमों से निपटने के लिए सामूहिक प्रयासों की अपील की।

********************

रांची में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की समीक्षा बैठक आज आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता मुख्य आयकर आयुक्त शांतनु धमीजा ने की, जिसमें 130 सदस्य और 45 कार्यालयों के विभागाध्यक्ष शामिल हुए। मौके पर अध्यक्ष ने राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक के दौरान 2023–24 की सर्वश्रेष्ठ पत्रिकाओं को स्मृति चिह्न से सम्मानित किया गया।

********************

झारखंड सरकार ने आज से गुटखा और पान मसाला की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

********************

********************

परीक्षा पे चर्चा के 8वें एपिसोड में आज संघ लोक सेवा आयोग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, संयुक्त पात्रता परीक्षा, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड और भारतीय माध्यमिक शिक्षा प्रमाण पत्र परीक्षा के मेधावी छात्रों ने अपनी सफलता की कहानियां साझा कीं। बोर्ड परीक्षा के मेधावी छात्रों ने कहा कि विद्यार्थी अपने मस्तिष्क में सभी प्रकार की जानकारियों को नहीं संग्रहित कर सकते हैं। ऐसे में उन्हें ऐसे विषयों पर ध्यान देना चाहिए, जो परीक्षा में अक्सर पूछे जाते है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि पिछले कुछ वर्षों में परीक्षा पे चर्चा एक ऐसे अवसर के रूप में विकसित हुई है जिसका उद्देश्य परीक्षा से संबंधित तनाव को सकारात्मक ऊर्जा में बदलना है।

********************

राजधानी रांची में राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान द्वारा 20 और 21 फरवरी को दो दिवसीय किसान मेला और कृषि प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे, जबकि कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की विशिष्ट अतिथि होंगी। मेले में 2000 किसान और 60 कृषि विशेषज्ञ भाग लेंगे। प्रदर्शनी में लाह की खेती, मधुमक्खी पालन, मशरूम उत्पादन और कृषि को आधुनिक बनाने जैसे विषयों पर सत्र आयोजित होंगे।

********************

चतरा के इटखोरी में कल से तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव की शुरुआत होगी। इसका उद्घाटन कला, संस्कृति और खेलकूद मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू करेंगे। कल होने वाले उद्घाटन समारोह के सांस्कृतिक कार्यक्रम में नागपुरी और छउ नृत्य की प्रस्तुति होगी। साथ ही सांस्कृतिक संगठनों से जुड़े स्थानीय कलाकारों को भी प्रस्तुति का मौका मिलेगा।

********************

लातेहार जिले में मिशन वात्सल्य योजना के तहत 37 बच्चों को लाभ दिया जाएगा। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता—

********************

खूंटी जिले में बाल श्रम उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के निर्देश पर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान में बाल श्रम में संलिप्त पाए जाने पर 50 हजार जुर्माना और 6 माह की सजा का प्रावधान बताया गया।

********************

भुवनेश्वर में एफआईएच प्रो हॉकी लीग में भारतीय महिला टीम और स्पेन से ही रहे मैच को स्पेन ने 4—3 से जीत लिया है। आज शाम साढ़े सात बजे भारतीय पुरुष टीम का मुकाबला जर्मनी से होगा

**************